हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 2 जुलाई 2025

04 रेलवे स्टेशन पर व्याप्त अव्यवस्था और गंदगी...

07 36 घंटे से रुक-रुक कर निरंतर बारिश से नगर...




## नपा में घमासानः रविवार को भाजपा के 20 पार्षदों ने एक निजी होटल में की बैठक

# नपा में अंदरूनी कलहः सोमवार को पार्षदों ने की बैठक, इधर तुरंत शिवराज से मिलीं नपाध्यक्ष

### इधर..विधायक मुकेश टंडन ने इस मामले को लेकर दूरी बनाते हुए कुछ भी कहने से इंकार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगरपालिका कर्मचारियों पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए भाजपा के पार्षदों में अंदरूनी कलह चल रहा है। इसके चलते नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा के जन्मदिन पर 30 जून रविवार को पार्षदों ने गोपनीय बैठक करके नपा के विरोध में रणनीति बनाई है।

इस बैठक के बाद नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने सोमवार को सुबह दिल्ली पहुंचकर क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करके रचे जा रहे षड्यंत्र से अवगत करा दिया है। इधर पार्षदों का कहना है कि मंगलवार को भाजपा की बैठक होगी जिसमें अपनी बात रखी जाएगी। हालांकी भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने बैठक होने के बारे में स्पष्ट कुछ नहीं कहा है। वहीं विधायक मुकेश टंडन ने नपा के इस पूरे मामले को लेकर दूरी बनाने की बात कही। उन्होने कहा कि वे इस मामले से दूर ही हैं।


विदिशा। नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नपाध्यक्ष प्रीती ने की मुलाकात।

### नपा विदिशा में कुल 39 में से भाजपा के पास हैं अध्यक्ष सहित 27 पार्षद

*विदिशा नगरपालिका में पार्षदों की संख्या 39 है। इन पार्षदों में से भाजपा के चुनाव चिन्ह पर चुनाव जीतने वाले पार्षदों की संख्या 27 है। इनमें नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा भी शामिल हैं। यह भी फिलहाल तय नहीं है कि भाजपा के सभी पार्षद नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ हैं। कुछ पार्षद खिलाफ हैं तो कुछ पार्षद नपाध्यक्ष के पक्ष में भी होंगे। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा का कहना है कि उन्होने मंगलवार को दिल्ली पहुंचकर रचे जा रहे भाजपा नेताओं के षड्यंत्र के बारे में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को अवगत करा दिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया है कि पार्षदों को क्या समस्या है वे स्वयं वन टू वन चर्चा करेंगे। किसी को बैठक करने की कोई आवश्यकता नहीं है।*

### अविश्वास प्रस्ताव के लिए चाहिए 30 पार्षद

नगरपालिका में लंबे समय से नपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का षड्यंत्र रचे जाने की चर्चाएं काफी लंबे समय से चल रहीं हैं। लेकिन इन चर्चाओं पर उस समय विराम लग गया था जब मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तीन साल के पहले अविश्वास प्रस्ताव लाने पर रोक लगा दी थी। लेकिन अब नपा के कार्यकाल को तीन साल पूरे हुए तो फिर से इस तरह की चर्चाएं सामने लाई जा रही हैं। नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव नगर के 39 पार्षदों के बीच में हुआ है। विदिशा में भाजपा नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ नपा में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए भाजपा के ही विरोधी गुट को कम से कम 30 पार्षदों की आवश्यकता होगी। चर्चा है कि रविवार को हुई बैठक में 20 से 22 पार्षद ही शामिल हो सके। विदिशा नगरपालिका में कांग्रेस के 6 पार्षद हैं तो 6 पार्षद निर्दलीय भी हैं। ऐसे में अविश्वास के लिए विरोधी गुट को 30 पार्षद जुटाना असंभव प्रतीत हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### एफआईआर के विरोध में कांग्रेसी आज देंगे ज्ञापन

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुई एफआईआर के विरोध में कांग्रेसी आज एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में आज बुधवार दोपहर 12 बजे कार्यकर्ता विवेकानंद चौराहा पर एकत्रित होंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने दी।

### फसल बीमा सप्ताह का शुभारंभ कर दी सलाह

**विदिशा।** 1 से 7 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत विकासखंड नटेरन में कृषि विभाग द्वारा फसल बीमा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसमें किसानों को फसल बीमा योजना संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तहसीलदार आनंद जैन एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ओपी तिवारी समन्वयक शुभम मीणा, जितेंद्र यादव, सत्यम नेमा, रजत जैन, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक जैन, राघवेंद्र अहिरवार, राज रघुवंशी, संगम रघुवंशी, तुलसा एवं विकासखंड तकनीकि प्रबंधक नरेंद्र रघुवंशी, अनिकेत रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### करारिया थाने में किया पौधरोपण



**करारिया।** करारिया थाना परिसर में हरियाली महोत्सव के तहत पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर करारिया थाना प्रभारी काजी मोहम्मद ज़मीर, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह जादौन, राजकुमार रघुवंशी, जगन्नाथ सिंह यादव, पर्वत सिंह यादव, विशाल सिंह जादौन, धर्मेंद्र गुप्ता के साथ नागरिकों की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया।

### लोनिवि के कर्मचारियों ने 300 पौधे रोपित किए

**शमशाबाद।** लोक निर्माण विभाग द्वारा पौधरोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शमशाबाद में अधिकारी कर्मचारियों ने पीडब्लूडी रेस्ट हाउस, गर्ल्स हॉस्टल, एसडीएम बंगला सहित क्षेत्र में 300 पौधे लगाए। इसमें कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एसडीओ एके सोनी ने कहा कि सांसें और शुद्ध जल पेड़ों पर निर्भर हैं। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह पौधरोपण में भाग ले। प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए यह जरूरी है। इस अवसर पर इंजीनियर अभय बनर्जी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### डॉक्टर्स डे पर किया लायंस क्लब ने आयोजन



**विदिशा।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टर्स डेलायंस क्लब ने शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स का सम्मान किया। अध्यक्ष सीमा शर्मा, सचिव रेखा यादव, कोषाध्यक्ष नवनीता पांडेय, वाइस प्रेसिडेंट रश्मि चंदेल ने डॉ निर्मला तिवारी, डॉ लक्ष्मी बंसल, डॉ प्रतिभा जादौन, डॉ डॉली कोठारी, डॉ आरती शर्मा को सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर रीजनल चेयर पर्सन मुदित बंसल एवं जोन चेयर पर्सन अनामिका पचौरी का स्वागत किया गया। डॉक्टर्स निरोगी काया विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष अंजू मित्तल एवं सुनीता सोनी ने किया। आभार सरोज टंडन ने माना। इस दौरान मिथिलेश साहू,प्रतिभा सिंह, रजनी शर्मा, अनामिका श्रीवास्तव, सुचिता सोनी आदि मौजूद रहे।

# पिकअप पलटी, 16 मजदूर घायल, 4 की हालत गंभीर

### धान की रोपाई के लिए कटनी से आए थे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पारसी टुंडा और हांसुआ गांव के बीच मंगलवार सुबह पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में धान रोपाई के लिए कटनी से मजदूर आए थे। हादसे में 16 मजदूर घायल हुए हैं, जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पारसी टुंडा के एक किसान ने धान की रोपाई के लिए कटनी जिले से मजदूरों को बुलाया था। मजदूरों का यह दल मंगलवार सुबह विदिशा पहुंचा। उन्हें गांव ले जाने के लिए एक पिकअप वाहन की व्यवस्था की गई थी। हादसे की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार इदरीश खान और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। सभी घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित किसान और वाहन मालिक से पूछताछ की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

#### पिकअप की कमानी टूटने से पलटा वाहन

मजदूरों को लाते समय रास्ते में पिकअप की कमानी टूट गई। वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। कुल 16 मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से चार की हालत गंभीर है, जिन्हें निगरानी में रखा गया है। बाकी मजदूरों को मामूली चोटें आई हैं।

### आश्रम में सेवा कर मनाया चार्टर एकाउंटेंट दिवस

**विदिशा।** राष्ट्रीय चार्टर अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर विठ्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम में चार्टर एकाउंटेंट एसोसिएशन के सदस्य पहुंचे। यहां रह रहे मानसिक अस्वस्थ्य, असहाय, बेसहारा, लावारिस, अनाथ, बीमार लोगों को भोजन परोसा। आश्रम पदाधिकारियों द्वारा सभी चार्टर एकाउंटेंट का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर चार्टर एकाउंटेंट विकास जैन, नेहा जैन, अभय वैद्य, स्वप्निल जैन, पार्थ पीतलिया, प्रियंका पीतलिया, अमन अग्रवाल, संदीप शाह, अंकित नामदेव, अनुष्का जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आश्रम के सचिव जीएस चौहान द्वारा किया गया। वहीं डॉक्टर डे के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. जीके माहेश्वरी का सम्मान सभी चार्टर एकाउंटेंट एवं आश्रम पदाधिकारी सेवा साथियों द्वारा किया गया। आश्रम के कोषाध्यक्ष घनश्याम दादा, प्रवक्ता सोहेल अहमद बबलू, सहसचिव दीपक माहेश्वरी मौजूद रहे।

### कुश जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक, नई कार्यकारिणी गठन का निर्णय



**विदिशा।** अखिल भारतीय कुशवाह महासभा की तहसील इकाई द्वारा मंगलवार को रायपुरा क्षेत्र स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा की उपस्थिति विशेष रही। उन्होंने आगामी कुश जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए समाजजनों से संवाद करते हुए आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की।बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर वार्ड स्तर पर नई कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय लिया गया, ताकि समाजहित में बेहतर समन्वय और सक्रियता लाई जा सके। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद कुशवाह, सुरेश कुशवाह, गोलू कुशवाह, हल्लू कुशवाह, बब्लू कुशवाह, शैतान सिंह कुशवाह, कल्लू कुशवाह, दीपकमल सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तहसील महामंत्री बब्लू संजीव कुशवाहा ने किया, जबकि अंत में तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मेडिकल कॉलेज में मनाया गया डॉक्टर्स डे

**विदिशा।** अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय में 1 जुलाई को मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया। महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ सुनील नंदेश्वर का सेवानिवृत समारोह कार्यक्रम रखा गया। महाविद्यालय में सेवा का उनका अंतिम दिन था इसलिए भी ये दिन पूरे महाविद्यालय के लिए खास रहा। डॉ सुनील नंदेश्वर 2018 से 2024 तक महाविद्यालय के अधिष्ठाता रहे उसके पश्चात महाविद्यालय के अधीक्षक रहे। सभी चिकित्सकों का मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन द्वारा पुष्प देकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष डॉ नीरज खरे द्वारा स्वागत भाषण में डॉ सुनील नंदेश्वर के कार्यकाल में महाविद्यालय की उपलब्धियां बताई गईं।

# शराब के नशे में धुत होकर खाई सल्फास, मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाए लापरवाही के आरोप

### परिजन बोलेः मेडिकल कॉलेज में इलाज में देरी हुई, डॉक्टरों ने लापरवाही से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मूडरा हरिसिंह गांव के एक 32 वर्षीय मजदूर की सल्फास खाने से मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों पर इलाज में देरी और लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों का कहना है कि युवक की हालत अस्पताल लाए जाने के वक्त ही बेहद गंभीर थी और उसे बचाया नहीं जा सका। मृतक की पहचान राजेश अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा और गुस्से में आकर सल्फास खा लिया। जब तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। उनका आरोप है कि राजेश अस्पताल पहुंचने पर होश में था और खुद टॉयलेट भी गया, लेकिन डॉक्टरों ने करीब आधे घंटे तक इलाज शुरू नहीं किया। जब हालत बिगड़ी तो उपचार शुरू किया गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

#### डॉक्टरों ने सीपीआर भी दिया, खूब प्रयास किए

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने परिजनों के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने बताया कि युवक ने अत्यधिक मात्रा में सल्फास खा लिया था, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। डॉक्टरों के अनुसार राजेश को सीपीआर भी दिया गया और सभी जरूरी प्रयास किए गए, लेकिन सल्फास के प्रभाव से उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। राजेश मजदूरी करता था। उसकी सात साल पहले शादी हुई थी और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। आत्महत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमॉर्टम करवाया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की अंतिम पुष्टि होगी।

# राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष का किया सम्मान

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी को राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त होने की खुशी में मंगलवार को होटल सायाजी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह, तखत सिंह राय, चंद्रमोहन मीणा, धनराज दांगी, नीलम यादव, भगत सिंह रघुवंशी, लखन कुशवाह, कल्याण सिंह अहिरवार सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम केवल सम्मान तक सीमित न रहकर विकास और जनकल्याण के संकल्प का मंच बना। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिले को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने का संकल्प व्यक्त किया, ताकि सरकार की सभी



योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण को पारदर्शी और सरल रूप से मिले। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब जिला पंचायत की बैठकें जिले के सभी विकासखंडों में बारी-बारी से आयोजित की जाएंगी। जिससे स्थानीय समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जा सके। बैठक में तय हुआ है कि इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर जिले के लिए कुछ महत्वपूर्ण मांगें रखने का निर्णय लिया गया।

### अवैध रेत खनन पर कार्रवाई, 2 ट्रॉली जब्त

**विदिशा।** एक सितम्बर तक जिले में रेत के उत्खनन कार्यो पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को कागपुर की बाह्य नदी में अवैध रेत उत्खनन करने की सूचना पर राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने दबिश देकर दो ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया।

### ब्राउन शुगर के 2 तस्कर बाइक सहित गिरफ्तार

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने 30 जून की रात 9 बजे उदयगिरि रोड स्थित सुंदर डेयरी के पास दबिश देकर ब्राउन शुगर सहित दो तस्कारों को गिरफ्तार किया है। आरोपी हेमंत चावरिया 23 वर्ष निवासी द्वारकापुरी कॉलोनी, चंद्रभान राजपूत, उम्र 25 वर्ष, निवासी जयप्रकाश नगर विदिशा को 6.75 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# वेयरहाउस में रखा निजी स्टॉक होगा राजसात

### पैथोलॉजी में गंदगी पर 2 हजार का जुर्माना, साफ-सफाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को कुरवाई में जनसुनवाई के बाद शहर व ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी, लोक सेवा केंद्र, उचित मूल्य दुकान, आईटीआई, वेयरहाउस, गौशाला और पंचायत भवन सहित कई संस्थानों का निरीक्षण किया।

भौरासा के हीरा वेयरहाउस में उचित मूल्य दुकानों के लिए भंडारित खाद्यान्न के अलावा निजी सोयाबीन, चना, मसूर के स्टॉक को राजसात करने के निर्देश दिए। उन्होंने गेहूं, शक्कर, नमक के बोरे तौलकर स्टॉक पंजी की जांच भी की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान पैथोलॉजी में गंदगी मिलने पर 2 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 10 का निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं की समीक्षा की। पैराखेड़ी स्कूल में नामांकन



कम मिलने पर असंतोष जताते हुए सभी बच्चों के नामांकन के निर्देश दिए। आईटीआई में संचालित ट्रेडों की जानकारी लेकर दाखिला संख्या बढ़ाने और बच्चों के लिए छात्रावास सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। महलुआ चौराहे की श्री गोपाल गौशाला में निरीक्षण कर चारे और शेड की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए 6 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

### प्रेरणा बनी दो जीवन का उजाला, मरणोपरांत नेत्रदान कराया

**विदिशा।** मंगलवार को मुखर्जी नगर निवासी आदेश जैन एवं नीलेश जैन के पूज्य पिताजी आनंद कुमार जैन सिंघई का स्वर्गवास हो गया था। तभी समाज सेविका नीता सराफ एवं वरिष्ठ समाजसेवी अतुल शाह, विपिन सराफ की प्रेरणा से सिंघई परिवार ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। तुरंत मेडिकल कालेज की टीम द्वारा नेत्र निकाले गए। शहर के इन वरिष्ठ समाजसेवियों की प्रेरणा से दो लोगों को उजाले की किरण मिलेगी। वरिष्ठ समाजसेविका नीता सराफ ने बताया कि नेत्रदान महादान है। नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में उजाला आता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभाना चाहिए।



## मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर कुरवाई में हुई जनसुनवाई

# जनसुनवाई में कई मामलों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

जिले की साप्ताहिक जिला स्तरीय जनसुनवाई इस मंगलवार कुरवाई विकासखंड में आयोजित हुई। कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित जुलाई माह के कुरवाई दौरे और हितग्राही सम्मेलन को देखते हुए इस बार जनसुनवाई विशेष रूप से कुरवाई में रखी गई, ताकि स्थानीय समस्याओं का समय रहते समाधान हो और मुख्यमंत्री के



समक्ष कोई शिकायत लंबित न रहे। जनसुनवाई में आवास, पेंशन, राजस्व, बिजली, कृषि, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, जल मिशन से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं। मौके पर अधिकांश मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया, हालांकि कुछ मामलों में आवेदकों को असंतोष भी झेलना पड़ा। विधायक सप्रे ने कहा "जनसुनवाई आमजन की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। शासन चाहता है कि किसी को समाधान के लिए भटकना न पड़े।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार समय सीमा में निराकरण करें।जनसुनवाई में कुछ घटनाएं चर्चा का विषय रहीं। ग्राम नेह पिपरिया की एक महिला ने आरोप लगाया कि दबंग परिवार ने उसकी जमीन हड़पने की नीयत से उसके पति को पटवारी की मिलीभगत से 10 दिन से जेल भिजवा दिया है। निराकरण न होने से नाराज महिला ने अपने बच्चों समेत कलेक्टर की गाड़ी रोकने की कोशिश की। पुलिस ने महिला को हटाया, पर समस्या हल नहीं हो सकी। इसी तरह ग्राम वोथी का एक किसान तीन साल से 20 बीघा जमीन नामांतरण न होने से परेशान होकर जहर की बोतल लेकर पहुंचा। कलेक्टर ने एसएलआर के पास भेजा, पर वहां अधिकारी की बेरुखी से किसान नाराज हो गया। हालात संभालने के लिए विधायक प्रतिनिधि ने हस्तक्षेप कर अधिकारियों को किसानों से शालीन व्यवहार की नसीहत दी।

### आबकारी ने एक सप्ताह में 37 प्रकरण दर्ज किए

**विदिशा।** आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, परिवहन, संग्रहण एवं अवैध मदिरापान करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 37 न्यायालयीन प्रकरण बनाए हैं। जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया कि देशी, विदेशी मदिरा 18.08 लीटर, 98 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 1530 किलोग्राम महुआ लहान कार्रवाई के दौरान जब्त किया गया। उन्होंने कहना है कि शराब दुकानों पर ओवर रेट में शराब न बिके इसके लिए क्यूआर कोड लगाए गए हैं। बता दें की एमआरपी पर शराब बेचने की यह व्यवस्था विदिशा में सिर्फ एक ही दिन चल सकी। शराब दुकानों पर बैठने वाले ठेकेदार के कर्मचारी ग्राहकों से कहते हैं कि गलत मेल आ गया था। हम जिस रेट पर चाहें शराब बेच सकते हैं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3015
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2740
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2380
उच्चतम भाव-2440
चना
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5590
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-3525
धान
न्यूनतम भाव-1320
उच्चतम भाव-3250
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6720
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7590
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4305
मूंग
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7101
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5970
ज्वार
न्यूनतम भाव-1650
उच्चतम भाव-2060
कलौंजी
न्यूनतम भाव-11000
उच्चतम भाव-11000
बटरी
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-4200
तुअर
न्यूनतम भाव-5380
उच्चतम भाव-5380

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10219 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# न्यायाधीश ने भाई की हत्या करने वाले को उम्र कैद की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




जिला एवं अपर सत्र न्यायालय न्यायाधीश द्वारा एक भाई द्वारा अपने ही भाई की हत्या के मामले में मंगलवार को फैसला सुनाया। द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने आरोपी चतर सिंह को आजीवन कारावास और 2,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला 24 फरवरी 2022 का है। मकान मालिक रामबाबू ने पुलिस को सूचना दी कि उनके मकान में किराएदार अजब सिंह बघेल की हत्या हो गई है। अजब सिंह पिछले तीन साल से मकान के निचले हिस्से में एक कमरे में रह रहे थे। जांच में पता चला कि 23 फरवरी की रात करीब 8 बजे अजब सिंह अपने कमरे में थे। अगली सुबह 10:30 बजे तक उनके नहीं दिखने पर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोला, तो अजब सिंह लोहे के पलंग पर रजाई ओढ़े पड़े थे। कमरे में खून के छींटे बिखरे थे। रजाई और गद्दे पर भी खून लगा था। मृतक के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक का छोटा भाई चतर सिंह पिछले 4-5 दिनों से उनके पास आ रहा था, हत्या वाली रात भी वह वहीं सोया था। दोनों भाइयों के बीच खेती के बंटवारे को लेकर पुराना विवाद था। घटना के बाद चतर सिंह के अचानक गायब हो जाने से उस पर संदेह गया। अपर लोक अभियोजक ऋषि बजाज के तर्कों के आधार पर न्यायाधीश ने चतर सिंह को दोषी पाया। आरोपी को सजा सुनाने के बाद उपजेल बासौदा भेज दिया गया।

# सिटी थाना पुलिस ने तीन सटोरियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सिटी थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई करते हुए मराठा वाली गली से सट्टा खिलाते हुए आरोपी रोशन रैकवार उम्र 24 साल निवासी खारे कुआं वाली गली , अजीत खां उम्र 60 साल निवासी खारे कुआं वाली गली, घनश्याम साहू उम्र 65 साल निवासी लक्ष्मीनारायण मंदिर वाली गली को रंगे हाथों सट्टा अंक लिखते हुए पकड़ा गया। आरोपीगणों के विरुद्ध सट्टा अपराध के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा आरोपी के कब्जे से 35090 रुपए नगदी, तीन लीड पेन, छः सट्टा अंक लिखी पर्ची जब्त की गई। उक्त कार्रवाई में लखन कुमार साहू, गौरव रघुवंशी, सिद्धांत भदौरिया, गोविन्द, भूपेंद्र चौबे, राकेश रावत, रूपेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रेल यात्रियों, अपडाउनर्स और नगर के युवाओं ने की रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग

# रेलवे स्टेशन पर व्याप्त अव्यवस्था और गंदगी से रेलयात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवीन निर्माण कार्य और सौंदर्यीकरण तो हो गया है, लेकिन स्टेशन के अंदर व्यवस्थाओं की ओर स्टेशन प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। हालत यह है कि रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर लावारिस मवेशी घूमते रहते हैं पूरे परिसर सहित प्लेटफार्म पर गंदगी पड़ी रहती है। जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। रेलयात्रियों, अपडाउनर्स और नगर के जागरुक युवाओं ने रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों से स्थानीय रेल्वे स्टेशन की प्रतिदिन साफ, सफाई कराने एवं आवारा मवेशियों को रेल्वे स्टेशन से बाहर किए जाने की मांग की है। रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई की व्यवस्था इतनी दयनीय है कि जगह जगह कचरे के ढेर, आवारा मवेशियों का जमघट और उनके गोबर आदि के कारण यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। यह परेशानी एक दो दिन की नहीं, बल्कि महीनों से यह अव्यवस्था बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि गंजबासौदा रेलवे स्टेशन का दो वर्षों से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवनिर्माण एवं सौंदर्यीकरण चल रहा है। जिसमें से रेलवे स्टेशन का मुख्य भवन, प्लेटफार्म पर कोटा स्टोन, ग्रेनाइट, प्लेटफार्म क्रमांक 2 एवं 3 का विस्तारीकरण एवं शेड निर्माण, प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर शेड निर्माण, प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर टीनशेड निर्माण, मुख्य प्रवेश द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया निर्माण सहित अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इस नए और आकर्षक रेलवे स्टेशन में जैसे ही यात्री प्रवेश करते हैं तो वे काफी उत्साहित और खुश नजर आते हैं, लेकिन प्लेटफार्म पर पहुंचते ही गंदगी एवं बदबू के कारण उन्हें वहां कुछ देर ठहरना भी मुश्किल हो जाता है। स्थिति यह है कि जहां देखो वही गंदगी फैली हुई है न तो समय पर झाड़ू लगाई जाती है न ही समय पर पोंछा लग रहा है। जिससे रेल्वे स्टेशन पर पहुंचने वाले रेल यात्रियों, अपडाउनर्स को नाक पर रुमाल रखकर निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। समय पर साफ, सफाई न होने से प्लेटफार्म पर कई जगह पानी फैल रहा है। इसके अलावा पानी की भी समस्या रेलवे स्टेशन पर बनी हुई है। रेल्वे स्टेशन पर बनाई गई प्याऊ में लगे नलों में से कुछ की टोंटियां ही गायब हो गई हैं। नलों के चारों ओर गंदगी ही गंदगी नजर आती है जिससे दुर्गन्ध उठ रही है। जबकि कुछ नलों में पानी ही नियमित नहीं आता है। ऐसे में यात्रियों को पानी के लिए भी इधर उधर भटककर परेशान होना पड़ रहा है।

# शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शांति समिति की बैठक पटवारी सभाग्रह में आयोजित हुई। जिसमें एसडीएम विजय राय, तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, त्योंदा एसडीओ पीडब्लूडी, एसडीओ पीएचई बासौदा,नगर पालिका सीएमओ ,जनपद सीईओ, बीएमओ स्वास्थ विभाग , डीई विद्युत वितरण कंपनी, शहर थाना, देहात थाना प्रभारी, यातायात निरीक्षक मौजूद रहे। बैठक में आगामी त्यौहारों को देखते हुये सौहार्दपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की बात कही गई। इस मौके पर शांति समिति सदस्यगण, हिंदू उत्सव समिति सदस्य, मुस्लिम कमेटी सदस्य एवं अन्य संगठनों के प्रमुख, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सड़क पर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर किया जुर्माना

**गंजबासौदा।** नगरपालिका ने सावरकर चौक से जय स्तंभ चौक तक सड़क किनारे कारोबार करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने पर एक दर्जन दुकानदारों से 2200 रुपये जुर्माना वसूला। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि दुकान के आसपास सफाई रखें और पॉलीथिन का इस्तेमाल बंद करें। अगली बार दोषी पाए जाने पर दोगुना जुर्माना लगेगा। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि गंदगी न फैलाएं और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करें।

## खबर संक्षेप

### हाइटेंशन लाइन का खंभा सड़क पर गिरा

**गंजबासौदा।** विगत दिनों जेल रोड स्थित राजेंद्र नगर सिरोंज रोड पर हाई टेंशन लाइन का खंभा गिर गया। खंभा गिरने से सड़क पर आवागमन बंद हो गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली सप्लाई भी ठप हो गई। हादसे के समय बारिश हो रही थी। घटना की सूचना बिजली विभाग के डीई राजू को दी गई। उन्होंने तुरंत विद्युत कर्मचारियों की टीम मौके पर भेजी जिसके बाद टीम ने खंभा और तार हटाने का काम शुरू किया। घटना के समय सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर के अनेक वार्डों में बिजली प्रदाय बंद कर दिया जा रहा है। जिससे लोगों को अंधेरे में समय गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन द्वारा एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि विदिशा अशोकनगर से किरवाया पहुंचमार्ग जिसका उपयोग अनेक गांवों के लोग करते हैं। इस मार्ग की हालत अत्यंत खराब होकर मार्ग पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे उभर आए हैं, जिनमें पानी भरा हुआ है, इन गड्ढों से होकर जब वाहन गुजरते हैं या अन्य वाहन को ओवरटेक करते हैं तो वाहन चालकों में आपस में विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। इन गड्ढों में वाहनों के पहिया उतर जाने से कई वाहन चालक घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में सड़क की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

# जल भराव, अधूरी पुलिया को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मंगलवार को समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमित मेहता के नेतृत्व में नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन वार्ड क्रमांक 8 अयोध्या बस्ती एवं न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर सौंपा गया, जिसमें त्वरित कार्रवाई की माँग की गई। ज्ञापन में बताया कि वर्षा ऋतु में उक्त क्षेत्र में अत्यधिक जलभराव हो जाता है, जिससे सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं। इस कारण आमजन, विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे, अत्यधिक परेशानी का सामना करते हैं। अधूरी पुलिया और रैंप का अभाव दुर्घटनाओं को न्यौता देता है, जो जन सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि बालाजी पेट्रोल पंप से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक बने नाले की नियमित सफाई नहीं होती, जिसके कारण वर्षा के समय नालियों का गंदा पानी बस्तियों में भर जाता है। ज्ञापन में हरनाम वाले चौराहे से मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर तक की गली में फैली गंदगी और वर्माजी वाली गली में अधूरी पड़ी सीसी रोड को शीघ्र पूर्ण करने की भी माँग की गई। नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने नागरिकों को आश्वासन दिया गया कि इनमें से कुछ कार्य इसी माह से प्रारंभ किए जाएंगे तथा शेष कार्य वर्षा ऋतु उपरांत शीघ्र पूर्ण किए जाएंगे। इस अवसर पर अमित मेहता, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, बीडी शर्मा, रामलाल कुशवाहा, कल्याण मालवीय, देवेंद्र सोनी, सुशील यादव, उमेश सोनी, चैन सिंह रघुवंशी, गोलू, प्रदीप चौकसे, मनोज अहिरवार, ब्रजेश प्रजापति सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रमदान दल का 40वां चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रमदान दल द्वारा संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 के अंतर्गत विगत दिनों 40वां चरण सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। बेतवा नदी के तट पर श्रमदान दल के स्वयंसेवकों ने इस चरण में नदी प्रवाह क्षेत्र से दो ट्रॉली से अधिक कचरा एकत्र कर सुरक्षित तरीके से निष्पादित किया। हालिया दिनों में नदी का जल स्तर कम होने से प्रवाह क्षेत्र में कचरा सतह पर स्पष्ट दिखाई दे रहा था। दल के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर प्लास्टिक थैलियां, पॉलिथीन, धार्मिक अवशेष, टूटी मूर्तियां, डिस्पोजल सामग्री सहित अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरा हटाकर घाट को स्वच्छ स्वरूप प्रदान किया। इस अभियान में राकेश रघुवंशी, जतिन दांगी, नितिन अग्रवाल, योगेंद्र माझी, संस्कार राजपूत, दीपेश शर्मा, पीयूष श्रीवास्तव, दिनेश चौरसिया, अर्णव रघुवंशी एवं आकाश जैन सहित कई स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर योगदान दिया। चार वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर सक्रिय श्रमदान दल साल के नौ महीनों तक 40 सप्ताहों से चल रहे। इस अभियान ने न केवल घाटों को कचरा मुक्त बनाया है, बल्कि नागरिकों में नदी संरक्षण को लेकर चेतना भी जागृत की है। दल ने आगामी चरणों में अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील की है ताकि नदियों को स्वच्छ रखना केवल कुछ हाथों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व बने।

## ग्राम खैरुआ के आंगनबाड़ी केन्द्र पर लगा शिविर

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में आंगनवाड़ी केंद्र ग्राम खैरुआ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अनैतिक तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में सृष्टि कुशवाहा चतुर्थ व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खंड की उपस्थिति में किया गया । शिविर में उपस्थित ग्रामजन के लिये नशीली दवाओं के रोकथाम के लिये आमजन को जागरूक करने, स्वामप औषधि और प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के अंतर्गत दवाओं के उत्पाद , खेती,भंडारण, परिवहन, बिक्री और उपभोग अवैध, पीड़ित प्रतिकर योजना दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, निःशुल्क विधिक सहायता, शासन की कल्याणकारी योजना, नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिये विधिक साक्षरता शिविर योजना 2015 पर जानकारी दी गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, शेर सिंह यादव, राजेश सक्सेना, सुनील बाबू पिंगलें, देवेंद्र साहू, लक्ष्मी रघुवंशी, दीपिका राजपूत, कैलाश बाबू अहिरवार, लाखनसिंह राजपूत, सोनम जैन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार अरोरा ने किया।

# गिरनार यात्रा हेतु अभय सेना का 70 सदस्यीय दल हुआ रवाना



**गंजबासौदा।** जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथ स्वामी जो की जूनागढ़ गुजरात स्थित गिरनार पर्वत से मोक्ष गए हैं। जिनका मोक्ष कल्याणक 2 जुलाई, दिन बुधवार को गिरनार पर्वत पर मनाया जाना है। इस हेतु सोमवार को अभय सेना के 70 सदस्य बाल ब्रह्मचारी मयूर भैया के नेतृत्व में ट्रेन से रवाना हुए। इस अवसर पर जैन समाज के अनेक धर्मावलंबियों द्वारा स्टेशन पर पहुंचकर सभी अभय सेना के सदस्यों का सम्मान किया एवं तिलक वंदन कर श्रीफल भेंट किया एवं उनके मंगल यात्रा की कामना की। इस अवसर पर समाज के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। ज्ञात हो की नेमिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक को मनाने हेतु संपूर्ण भारतवर्ष से 30000 से अधिक लोग गिरनार पर्वत पर 2 जुलाई को पहुंचेंगे ।

# भैरव बाबा का षोडशोपचार विधि से हुआ अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




रेलवे लाइन हरदूखेड़ी शांति सदन स्थित चिल्ला बाबा महाकाली मंदिर में हुई भैरव बाबा प्रतिष्ठा एवं भैरव कथा वाचन आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने करते हुए बताया कि बाबा भैरव का षोडशोपचार विधि द्वारा किया गया तथा अभिषेक , विशेष श्रृंगार किया गया। मन्दिर को गुलाब और अन्य सुगंधित फूलों से भव्य सजाया गया। जहां पंडित आचार्यों वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन किया। इसके बाद 7 बजे महाआरती हुई। तत्पश्चात विशाल भंडारा हुआ । इस अवसर पर भक्तों ने भैरव बाबा के दर्शन करके श्रीफल अर्पित किया । ढोल धमाके भजन में भक्तों विशेष सहयोग रहा। भैरव बाबा की टोली मुख्य चौराहे से होते हुए शांति सदन कॉलोनी शिव मंदिर एवं अन्य मंदिरों से होते हुए कथा स्थल तक निकली गई, जिसमें सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार कर पूजन-अर्चन किया गया। सायंकाल महाआरती के बाद भंडारा शुरू हुआ। पंडित ऐलिया ने कहा कि कथा का कभी भी विसर्जन नहीं होता ना ही समाप्ति होती है, कथा का विश्राम होता है। यहां कथा विश्राम हुई अगली स्थान पर कथा का शुभारंभ होता है। भगवान की कथा साक्षात भगवान का ही रूप है, उस रूप को हमें प्रणाम करना चाहिए और यही प्रणाम हम सभी का भाग्य बदलते हैं। प्रणाम ही परिणाम को बदलता है उक्त बात के ऊपर टिप्पणी करते हुए महाराज ने अपनी वाणी को विश्राम दिया।

कथा में उपस्थित मुख्य यजमान श्रद्धा लीलाधर, नीमा रैकवार, पिंकी, ऊषा, सरिता, वंदना , कृष्णा महाकाली मंदिर पुजारी बबलू भैया, सोनू विश्वकर्मा, मुन्ना विश्वकर्मा, कंछेदी, कैलाश, भूरा ,संतोष, कृष्णा रैकवार सहित समस्त श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम हर्षल चौधरी ने पीडीएस गोदाम का निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**सिरोंज।** एसडीएम हर्षल चौधरी ने सहायक आपूर्ति अधिकारी एवं वेयरहाउसिंग के अधिकारियों के साथ पीडीएस के गोदाम का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होने चावल, शक्कर, नामक आदि के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया एवं गुणवत्ता की जांच की गई जो उचित पायी गई। संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द शासन की मंशा अनुरूप 3 माह के एडवांस राशन का वितरण करवाए जाने के निर्देश दिए गए। वही उन्होने कहा कि वर्तमान में सिरोंज ब्लॉक का राशन वितरण 80 प्रतिशत से अधिक है।

### कलेक्टर बने संदीप जीआर प्रभारी संभाग आयुक्त

**सागर।** संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की सेवानिवृत्ति के उपरांत मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत सागर जिले के कलेक्टर संदीप जी आर को संभाग का प्रभारी कमिश्नर नियुक्त किया गया है।

### पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन यूपीएस भदौरिया ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की उच्च शिक्षा हेतु पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा विभिन्न कोर्सेज करने के अवसर प्रदान किये जा रहा हैं। साथ में छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। इच्छुक पूर्व सैनिक विस्तृत जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सागर से संपर्क कर सकते हैं।

### जनसुनवाई में हुई 287 आवेदनों पर कार्यवाही

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 287 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, संयुक्त कलेक्टर अदिति यादव, आरती यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 287 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### अब वक्फ कमेटियों का आर्थिक लेन-देन होगा पारदर्शी सेंट्रल बैंक ने की एडवाइजरी जारी

# 15008 कमेटियों के खुलेंगे खाते, मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ पटेल के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड के चेयरमैन डॉ सनवर पटेल की पहल पर प्रदेश की 15 हजार वक्फ़ संपत्तियों की कमेटियों में पारदर्शिता पूर्ण लेन देन को लेकर ऐतिहासिक निर्णय लिया। जिसके चलते अब वक्फ़ बोर्ड से रजिस्टर्ड कमेटियों के बैंक खाते आसानी से खुल सकेंगे और पारदर्शिता पूर्ण ऑनलाइन लेनदेन हो सकेगा। मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड के अधीन 15 हजार वक्फ़ सम्पत्तियां रजिस्टर्ड है जिनकी कमेटियों के बैंक खाता नहीं होने के कारण भारी अनियमिताएं होने की लगातार शिकायतें मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल को मिल रही थी इस पर वफ्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बोर्ड के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे साथ ही गहन छानबीन करते हुए कमेटियों के बैंक खाते नहीं होने के कारण बोर्ड को भारी असुविधा एवं आर्थिक नुकसान होने से भी अवगत हुए थे।



#### पारदर्शिता लाना मुख्य उद्देश्य

वक्फ़ बोर्ड चेयरमैन डॉ सनवर पटेल ने वक्फ़ बोर्ड की कमेटियों में पारदर्शिता लाने, ऊपरी लेन देन रोकने और बोर्ड एवं कमेटियों की आर्थिक स्थिति को मज़बूत करने के लिए बोर्ड की कमेटियों का बैंक खाता अनिवार्य रूप से खुलवाने का फैसला किया। जानकारी देते हुए जिला वक्फ़ कमेटी के सह सचिव डॉ रज़ी खान ने बताया कि प्रदेश भर में वक्फ़ बोर्ड में रजिस्टर्ड कमेटियों के खाते खोलने को लेकर बैंक में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, अनेक स्थानों पर तो बैंक खाते खुल ही नहीं पाते थे। कमेटियों की इस परेशानी को दूर करने की मंशा रखते हुए इस पर तत्काल संज्ञान लेकर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल ने अपने बोर्ड कि टीम के साथ सेन्ट्रल बैंक के जोनल हेड एवं मैनेजमेंट से अनेक बार चर्चा की, उक्त कार्य में मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन किया।

#### डॉ सनवर की पहल पर सेंट्रल बैंक ने लिया निर्णय

अब डॉक्टर सनवर पटेल की पहल पर सेंट्रल बैंक ने बड़ा निर्णय लेते हुए बोर्ड के इतिहास में पहली बार अपनी सभी शाखाओं को बोर्ड की वैधानिक कमेटियों का खाता खुलवाने का सरकुलर जारी कर दिया है। ऐसी सभी वक्फ़ कमेटियां जिनको अपना बैंक खाता खुलवाने में परेशानी होती थी, कमेटियों के पदाधिकारी अब इस पत्र के साथ अपने जिले में सेन्ट्रल बैंक की अपने पास स्थित शाखा में जाये और अपनी वक्फ़ कमेटी का खाता बिना किसी परेशानी के खुलवा सकते है।

## जमीयत उलमा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मुस्लिम समाज से जुड़े विषयों पर ध्यान देने की अपील



**सिरोंज।** जमीयत उलमा विदिशा के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुस्लिम समाज से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। ज्ञापन में वक्फ़ की कृषि भूमि पर हो रहे अनियमित नामांतरण और विक्रय की निष्पक्ष जांच कर उन्हें वक्फ़ बोर्ड के नाम दर्ज कराने, कब्रिस्तानों की ज़मीन का सीमांकन एवं चारदीवारी कर अंतिम संस्कार की व्यवस्था को व्यवस्थित करने, अंतरधार्मिक संबंधों के मामलों में युवाओं के विरुद्ध हो रही असंतुलित कार्रवाई से जुड़े प्रकरणों में प्रशासनिक निष्क्रियता पर विचार करने की आवश्यकता जताई गई। इस मौके पर सिरोंज निवासी जुनैद की मृत्यु के प्रकरण में न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं पीडित परिवार को सहायता प्रदान करने, मोहर्रम के अवसर पर ताज़िया जुलूसों के शांतिपूर्ण संचालन हेतु समुचित पुलिस प्रबंध करने,बकरईद के दौरान सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे आपत्तिजनक संदेशों पर नियंत्रण करने आदि बिंदुओं की मांग की है।

### माझे ठाणे ग्रंथ का विमोचन

## मराठी भाईयों का साथ मिला तभी हम सबने विकास किया: हार्दिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

लोग थाना नाम से डरते है लेकिन विश्व में पहला ऐसा थाना है जहाँ लोग भारी संख्या में उपस्थित हुए। इनके द्वारा लिखित माझे ठाणे ग्रंथ का सफलतापूर्वक विमोचन के शुभ अवसर पर हार्दिक हुंडिया ने कहा कि हम मारवाड़ी गुजरातियों ने तभी राष्ट्र के महाराष्ट्र में विकास किया। जब हमे महाराष्ट्रीयन भाईयों का साथ मिला। थाना वो अनमोल नगरी है जहाँ का 99 लाख साल पहले से लेकर आज तक का इतिहास ये 200 पेज के ग्रंथ में वर्णित है। छः साल की कड़ी मेहनत के बाद मदन हुंडिया ने ठाणे का अद्भुत इतिहास इस ग्रंथ में लिखा है।

इसमें ठाणे के जैन अजैन सभी औलोकिक घटनाए लिखी गई है। वरिष्ठ जैन अग्रणी हार्दिक हुंडिया ने कहा कि मदनलाल ने अपने ग्रंथ में थाना के इतिहास का इतिहास लिख दिया है। ॑माझे ठाणे॑ यानी कोंकण शत्रुंजय श्री थाना नगर, श्रीपाल मयना नगरी, अलकापुरी-कुबेर की नगरी श्री थाना नगर का प्राचीन इतिहास से वर्तमान के आनद दीघे तक के अनमोल पलो का विवरण इस ग्रंथ में किया गया है। इसी थाना ने महाराष्ट्र के ऐसे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दिए हैं जिन्होंने थाना का नाम देश भर में रोशन किया है। हार्दिक हुंडिया का कहना है कि प्रांतवाद के झगड़ो को छोड़कर हमे एक होकर नगर, ज़िला, राज्य और देश के विकास में लगना चाहिये। छः साल की कड़ी मेहनत के बाद मदनलाल हुंडिया द्वारा लिखित ॑माझे ठाणे॑ ग्रन्थ का विमोचन प्रसिद्ध जैनाचार्य यशोवर्म सूरीश्वरजी महाराजा साहेब की निश्रा में वरिष्ठ समाज सेवी जैन अग्रणी हार्दिक हुंडिया, निरंजन डावखरे, निखिल बरचूड़े, संदीप लेले, बाबू नानावटी, जे के संघवी, उदय परमार जैसे कई महानुभावों की हाजरी में हुआ। प्रसिद्ध जैनाचार्य ने कहा कि ये वो मुनिसुव्रत स्वामी दादा का मंदिर है जहाँ आनंद दीघे जैसे धर्मप्रेमी भी दर्शन करने आते थे। ये पवित्र भूमि का इतिहास लिखने वाले मदन हुंडिया को उन्होंने आशीर्वाद दिया था। हार्दिक हुंडिया और मदन हुंडिया ने पहली कॉपी विमोचन करने के बाद प्रसिद्ध जैनाचार्य यशोवर्म सूरिश्वरजी महाराज साब को भेंट की। कार्यक्रम का सफल संचालन जैनम संघवी ने किया। गौरतलब है कि मूल रूप से राजस्थान आहोर निवासी हुंडिया परिवार लगभग 140 वर्ष से ठाणे में बसा हुआ है। इस अवसर पर मदनलाल हुंडिया ने कहा कि माझे ठाणे ग्रंथ लिखने की प्रेरणा प.पुसा. श्री जिनांगयशाश्रीजी म. सा. (डिप्पी म. सा.) के अति आग्रह से मिली है।

## शास. हाईस्कूल सत्ताढाना की प्राचार्य संध्या दुबे के सेवानिवृत्त होने पर हुआ सम्मान समारोह

**सागर।** जैसीनगर विकासखंड की शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ प्राचार्य संध्या दुबे के 39 वर्षों की सेवा उपरांत 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें शासकीय हाई स्कूल सत्ताढाना के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने संध्या दुबे का शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्राचार्य संध्या दुबे के कुशल नेतृत्व, अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा एवं कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुबे 1985 में सहायक शिक्षक के रूप में शिक्षा विभाग में पदस्थ हुई और अपने अथक परिश्रम एवं समर्पण के साथ वे प्राचार्य के पद तक पहुंची। संध्या दुबे के कार्यकाल में हाईस्कूल की शिक्षा व्यवस्था में अत्यधिक सुधार हुआ जिस कारण स्कूल की सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम भी संतोषजनक रहा।

# जीतू पटवारी पर एफआईआर राजनीति से प्रेरित : सेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन ने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध हुई एफआईआर न केवल राजनीति से प्रेरित है, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का जीवंत प्रमाण है।

यह बेहद चौंकाने वाला तथ्य है कि पीड़ति द्वारा अपने साथ हुई मारपीट और अमानवीय व्यवहार की बात सार्वजनिक रूप से कहने के बाद, अब उस पर दबाव डालकर बयान बदलवाया गया है। जबकि वीडियो में



पीड़ति ने अपने साथ हुई अमानवीयता का विस्तार से वर्णन किया और खुद इस बात की सहमति भी दी थी कि उसके साथ हुई ज्यादती को सोशल मीडिया के जरिए जनता के बीच साझा भी किया जाए। इसीलिए कांग्रेस पूछना चाहती है कि जिस व्यक्ति ने पहले वीडियो में अपने साथ हुई क्रूरता को साझा किया था। उसी के हाथ में अब शपथ पत्र थमा दिया गया। यह किसी न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में चल रहा भय का तंत्र है। श्री सेन ने आमजन स्पष्ट रूप से मानती है कि यह शपथ पत्र दबाव, डर और राजनीतिक प्रतिशोध की उपज है। यह पूछना आवश्यक है कि एक दलित युवक को न्याय की मांग करने पर चुप क्यों करवाया जा रहा है। सत्ता में बैठे लोग किस हड़बड़ी में एफआईआर करवा रहे हैं। क्या भाजपा की सरकार अब पीड़ितों को ही अपराधी घोषित करने लगी है।

# अमृत योजना 2.0 के तहत हनुमानगढ़ी मंदिर के पास एक करोड़ से सौंदर्यकरण

### जल गंगा संबर्धन अभियान का पौधारोपण से समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

30 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा सम्वर्धन अभियान के अंतर्गत नपं. द्वारा अनेक कार्य कराये गए। 30 जून को नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, पार्षदों, कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण कर समापन हुआ।

इस दौरान नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी ने कहा कि प्राकृतिक पुराने जलश्रोतो का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। अभियान के अन्तर्गत बाबडी, तीन कुंओ की साफ सफाई कराई गई।




#### किया पौधों का रोपण

जल गंगा सम्वर्धन अभियान के समापन अवसर 30 जून को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 जामु, 10 अशोक के वृक्ष लगाने के साथ लोगो को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण के लिए जागरूक करने का संदेश दिया।

हनुमान गढ़ी पर सौंदर्यकरण बसे नगर का प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर जो कि घोघरा नदी के किनारे है। नपं. द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत एक करोड 79 लाख की लागत से सौंदर्यकरण के साथ अन्य निर्माण कार्य कराये जा रहे है।

### नेशनल डॉक्टर्स-डे पर डीपीएस स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजन

**सागर।** देश के सबसे सम्मानित चिकित्सकों में से एक और सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल के दूरदर्शी डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में प्रति वर्ष भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। आज उन्हीं के सम्मान में दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया तथा साथ ही थैलीसीमिया से पीढ़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की प्रभारी शिक्षिका अनीता जैन ने बताया कि इस बार केम्प बड़े स्तर पर आयोजित कराया गया था, जिसमें जिला चिकित्सालय, भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय, व संजीवनी चिकित्सालय के चिकित्सकों ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया है। भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय से आए मेडीकल ऑफीसर डॉ. रक्षित शर्मा, डॉ. स्वदेश सोनी, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. सुभांगी ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधित उचित परामर्श प्रदान किया।

# 36 घंटे से रुक-रुक कर निरंतर बारिश से नगर हुआ सराबोर, लगी बारिश की झड़ी

### सड़कों पर फैला कीचड, नमी की अधिकता, बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



सोमवार की दोपहर से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को दिन भर चलता रहा। पिछले 36 घंटो से अधिक समय से हो रही बारिश ने नगर और ग्रामीणों की परेशानियां बढा दी है। बारिश के कारण ग्रामीण गांवो, घंरो से बाहर नहीं निकल पा रहे है। बीती रात भर कभी तेज, कभी हल्की बारिश होती रही। मंगलवार को भी रूक-रूक कर तेज हल्की बारिश निरंतर होती रही। सावन से पूर्व सावन की झडी जैसी बारिश के माहौल से गर्मी, उमस गायब हो गई है।

**सड़कें गंदगी से लबालब:** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सडक़े पानी कीचड से सराबोर बनी हुई है। हल्की रिमझिम बारिश सडक़ो पर कीचड बढा रही है। जब तेज बारिश होती है, तब कीचड साफ होने की स्थिति बनती है। पिछले 4-5 दिनों से हो रही बारिश के असर से तापमान में भारी गिरावट और हवाओं में ठंडक आ जाने से गर्मी गायब हो गई है। 2 दिनों से तो सूर्यदेव के दर्शन ही दुर्लभ हो गये है।

#### बढ़ेगा भू-जल स्तर

जिस प्रकार हल्की बारिश हो रही है। उससे पानी जमीन में जाने की स्थिति बनती है। कुछ दिनों पूर्व तक जो नदी नाले सूखे और उनमें रेत दिख रही थी। लगातार बारिश के कारण जल स्तर बढऩे लगा है। आसमान में घन वर्षा वाले बादलों का डेरा बना हुआ है। आगे भी बारिश की संभावना बनी हुई है। निरंतर बारिश के असर से मकानों में नमी की अधिकता और कच्चे मकानों में रहना लोगो के लिए परेशानियों का कारण बन रहा है।

# अभिभाषक संघ के निर्वाचन में सुरजीत चौहान चुने गए अध्यक्ष

**बरेली।** अभिभाषक संघ की चुनाव प्रक्रिया में रविवार को अध्यक्ष एवं सह सचिव पद के लिए दो-दो उम्मीदवार होने से मतदान हुआ। अभिभाषक संघ के 157 में से 145 सदस्यों द्वारा मतदान किया गया। 55 मतो के भारी अंतर से अध्यक्ष उम्मीदवार सुरजीत सिंह चौहान ने बलवंत पटेल को शिकस्त दी। अध्यक्ष पद के लिए सुरजीत सिंह चौहान एवं बलवंत पटेल के बीच मुकाबला था। चौहान को 145 में से 100 एवं बलवंत पटेल को सिर्फ 45 मत प्राप्त हुए। दूसरा चुनाव सह सचिव पद के लिए विपिन राजपूत एवं शिवेन्द्र धाकड़ के बीच था। विपिन राजपूत को 74 एवं शिवेन्द्र धाकड़ को 71 वोट मिलने से वह विजयी रहे।

**निर्विरोध पदाधिकारी** - अध्यक्ष एवं सह सचिव पद को छोड कर उपाध्यक्ष पद राघव रघुवंशी, सचिव पद पर जीवन सिंह धाकड़, कोषाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र जैन, गं्रथपाल पद पर संदीप श्रीवास्तव एक-एक ही नाम होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित हुए। सुरजीत सिंह चौहान के अभिभाषक संघ अध्यक्ष चुने जाने पर उनके साथियों, समर्थकों द्वारा स्वागत करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी गई। अन्य पदाधिकारियों को भी निर्वाचित होने पर बधाई शुभकामनाएं देने का सिलसिला बना रहा।

### माह जून में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर के निर्देशन में एवं कीर्ति दुबे, सहायक आयुक्त आबकारी जिला सागर के मार्गदर्शन में आबकारी स्टॉफ द्वारा 17जून को अवैध मदिरा परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही कर 01 मोटरसाइकिल से परिवहन की जा रही 337 पाव विदेशी मदिरा जप्त कर 02 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, 27 जून को सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप सिंह खंडाते के मार्गदर्शन में प्राप्त सूचना के आधार पर शाहपुर अंतर्गत सूरज अहिरवार के रिहायशी आवास पर आकस्मिक दबिश दी जाकर तलाशी लेने पर 286 पाव देशी मदिरा मसाला प्रिंस ऑरेंज जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

संचालकों ने मूंग भंडारण न करने की दी चेतावनी

# वेयर हाउस संचालक बैठक में समस्याओं पर की गई चर्चा

### 2-3 वर्षों से किराए का नहीं हुआ भुगतान, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

वेयरहाउस संचालको की बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया कि इस बार मूंग वेयर हाउसों में नहीं रखी जाएगी। सरकार द्वारा पिछले 2-3 वर्षो से किराया नहीं दिया गया है। किराया मांगने पर वेयरहाउस संचालको पर रिकवरी निकाल दी जाती है। बैठक में वेयर हाउस संचालको की विभिन्न समस्याओं परेशानियों पर चर्चा की गई। विभिन्न मांगो को लेकर वेयर हाउस संचालको द्वारा एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगे रखी।

बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों से आए वेयर हाउस संचालको संघ के अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारियों, सदस्यो की उपस्थिति रही। बैठक में शासन की दोहरी नीति का विरोध किया। बारिश के कारण मूंग में नमी बढ जाती है। जब खरीद होती है, तब एफएक्यू होती है, फिर वह नान एफएक्यू क्यों हो जाती है। मूंग की शर्टेज की भरपाई और रिकवरी वेयर हाउस संचालको पर निकाली जाती है। एक संचालक ने बताया कि 500 कु. मूंग कम होने पर उस पर रिकवरी निकाली गई। इतनी अधिक मात्रा में मूंग कम कैसे हो सकती है।

#### नहीं करेंगे मूंग भंडारण, सौंपा ज्ञापन

वेयर हाउस संचालको, पदाधिकारियों का दल बारिश के बीच एसडीएम कार्यालय पहुंचा, जहॉ एसडीएम को विभिन्न मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस वर्ष गोदामों में मूंग का भंडारण न करने के निर्णय से अवगत कराया। पिछले वर्षो की राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की।









## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत



**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी के नीचे बीती रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार 22 वर्षीय रोहित पिता गोपीलाल सिसोदिया उम्र वर्ष निवासी बालमपुर घाटी को टक्कर मार दी, जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोहित सिसोदिया अपने घर बालमपुर घाटी की ओर जा रहा था, तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने रोहित की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे युवक को सिर में गंभीर चोट आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### 23 विद्यार्थियों को स्कूटी 174 को मिलेगा लैपटॉप

**सिलवानी।** हायर सेकेंडरी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को आगामी 4 जूलाई को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा लैपटॉप व स्कूटी की राशि वितरित की जाएगी। सिलवानी विकास खंड के 17 विद्यार्थियो को लैपटॉप तथा 23 विद्यार्थियों को मेधावी विद्यार्थी योजना का लाभ प्राप्त होगा। जानकारी के अनुसार सिलवानी विकासखंड में 25 शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है। यहां के पात्र विद्यार्थियों को मेधावी विद्यार्थी योजना के लाभ से 4 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में लाभांवित किया जाएगा। सिलवानी के174 विद्यार्थियों को लैपटॉप तथा 23 विद्यार्थियों को स्कूटी की राशि वितरित की जाएगी। शासकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को किताब-कॉपी के साथ साइकिलें भी बांटी जा रही हैं।

### सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**रायसेन।** जन शिक्षा केंद्र नरवर की प्राथमिक शाला टिकोदा में पदस्थ शिक्षक एमएल अहिरवार के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्टाफ द्वारा शिक्षक एमएल अहिरवार शाल, श्रीफल हार फूल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच साधना सिंह पंदराम ने कहा कि आपने शिक्षा के क्षेत्र में जीवन के अनमोल 41 वर्ष देकर बच्चों का बेहतर मार्गदर्शन कर उनका सर्वांगीण विकास किया है। इस दौरान संकुल प्राचार्य केएस राठौरिया, जन शिक्षक रघुवीर सिंह भदौरिया, दीपक शाक्या, रामबाबू धाकड़ एवं अजय गुप्ता द्वारा श्री अहिरवार को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी।

### एसबीआई में संगठन का स्थापना दिवस मनाया

**रायसेन।** शहर के सांची रोड स्थित एसबीआई बैंक में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। बैंक द्वारा दी जा रही सुविधा के बारे में बैंक मेनेजर अभिनाष कुमार व्दारा प्रकाश डाला। बैठक में अध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा, गिरधारी लाल शाक्य, बीपी शर्मा, जेपी दुबे, मान सिंह मालवीय, रामस्वरूप यादव उपस्थित रहे।

## आरोपियों की नहीं हो पा रही पहचान, वारदात को दे रहे अंजाम

# धुंधली होती जा रही तीसरी आंख, शहर में लगे कैमरों का नहीं हो रहा मेंटेनेंस

शहर में वारदातों को रोकने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शहर में जगह-जगह सीसीटीव्ही कैमरें लगाए गए थे, लेकिन इनकी अनदेखी के चलते मुखर्जी नगर और गोपालपुर के तीन कैमरों की आंख धुंधली हो गई है, जिससे अब आरोपियों की पहचान नहीं हो पा रही है, जिम्मेदारों ने कैमरों की मरम्मत के लिए पत्राचार तो किया है, लेकिन सुधार की दिशा में अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



**गोपालपुर के दो सीसीटीव्ही कैमरे पड़े बंद, सिर्फ दो चालू**

सांची रोड स्थित गोपालपुर पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने पुलिस महकमे द्वारा लगाई गई तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरे दो चालू दो खराब है। बंद इसीलिए पड़े हैं क्योंकि एक जीप ड्राइवर द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाकर कैमरे के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी थी। बताया जाता है कि यह दोनों हाई कैमरे जल्द चालू हो जाएंगे।

16 जून की रात्रि शहर के सागर भोपाल तिराहे के पास एक अज्ञात जीप ने बाइक सवार एक युवक को टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में अब तक पुलिस के हाथ उक्त जीप के चालक और वाहन की जानकारी नहीं लग सकी है। जबकि शहर के पुराना बस स्टैंड, महामाया चौक, इंडियन चौराहे से होते हुए उक्त जीप चालक का भागना बताया जा रहा है। इतना ही नहीं अन्य लोकेशन के आधार पर उक्त जीप इंडियन चौराहा तक के कैमरों के बीच से होकर भी आई थी।

यानि स्पष्ट है कि आधे से अधिक शहर के कैमरों के बीच से यह जीप निकल गई, लेकिन किसी भी कैमरे में यह स्पष्ट नहीं दिख रहा है कि जीप का नंबर क्या है। इतना ही नहीं जीप की बनावट के आधार पर भी पहचान नहीं हो सकी है।

शहर में हो रहे घटनाक्रम की निगरानी के लिए चौराहों पर लगे पुलिस के कैमरे इन दिनों शोपीस बने हुए हैं। इनकी नजर कहीं धुंधली पड़ गई है तो कहीं आंखें ही बंद होती है। कुछ कैमरों के एंगल तो ऐसे हैं, जो समझना ही मुश्किल है। ऐसे में शहर के बीच होने वाले अपराध के आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस को मशक्कत करना पड़ रही है। इसके लिए उन्हें या तो निजी कैमरों की सहायता लेनी पड़ रही है या फिर साइबर की।

खास बात यह है कि यह समस्या लंबे समय से चल रही है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा शहर में होने कार्यक्रम और जुलूस-जलसों, शोभायात्रा की धार्मिक गतिविधियों पर निगरानी जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी पैनी निगरानी रखते हैं।

### यहां लगाए गए हैं कैमरे

एसपी ऑफिस के समीप, गोपालपुर, भोपाल रोड़ स्थित दरगाह शरीफ, टोल टैक्स बैरियर सागर रोड़, महामाया चौक, सागर भोपाल तिराहा, मुखर्जी नगर गेट पर पुलिस प्रशासन द्वारा हाई क्वालिटी के कैमरे लगाए गए हैं। ताकि शहर में घटित होने वाली चोरी लूट सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### कैमरे यहां लगाए जाने प्रस्तावित

दशहरा मैदान, पॉलीटेक्निक कॉलेज, बायपास, सेंट्रल स्कूल, खेल स्टेडियम तरफ पुलिस द्वारा कैमरे लगाए जाने प्रस्तावित है। बस स्टैंड के आगे कृषि उपज मंडी मोड़, पाटनदेव क्षेत्र में कैमरे लगाए जाने के प्रस्ताव पीएचक्यू भोपाल स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं। अगर सब कुछ ठीकठाक रहा तो तीसरी आंखे लगाई जाएंगी।

### इनका कहना है

शहर में लगे कैमरों की ऑडिट करा लेते हैं। जितने भी कैमरे लगे हैं, उनकी स्थिति चैक कराते हैं। साथ ही कहां-कहां जरूरत है और कैसे कवरिंग बढ़ाई जाए, इस संबंध में जल्द अपडेट देंगे।
**- कमलेश कुमार खरपुसे,** एएसपी रायसेन।

## जनसुनवाई में आया अनोखा मामला

# पंचायत ने नहीं किया 6 लाख भुगतान, जनसुनवाई में पूजन की थाली लेकर पहुंचा ठेकेदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को कलेक्ट्रेक्ट में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में एक अनोखा मामला सामना आया। ग्राम पंचायत शाहपुर में निर्माण कार्य के बाद भुगतान नहीं होने पर बांसखेड़ा निवासी ठेकेदार हल्केराम हाथों में पूजन की थाली में दीपक जलाकर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के पास पहुंचा।

ठेकेदार ने कलेक्टर से जिले के विकासखंड सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शाहपुर में किए गए निर्माण कार्य, जिसकी लागत 6 लाख 25 रुपए की राशि अटकी हुई है। जिसका भुगतान कराए जाने की गुहार गई है।

### यह है मामला

बांसखेड़ा निवासी ठेकेदार हल्केराम ने ग्राम पंचायत शाहपुर के सरपंच मोहन किशोर से मौखिक रूप से नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत, 10 नाडेप कचरा घर आदि बनाए गए। जिसमें नाली निर्माण की राशि 2 लाख 73 हजार में से सिर्फ 40 हजार रुपए का भुगतान किया। बाकी राशि का भुगतान बकाया है, जिससे ठेकेदार परेशान है।

ठेकेदार ने बताया कि निर्माण कार्य में लगे मजदूरों और निर्माण सामग्री दुकानदारों को भुगतान किया जाना है, जिससे वह मुझे परेशान कर रहे है। ठेकेदार ने कलेक्टर से अटकी राशि का भुगतान शीघ्र कराने का आग्रह किया है।

## आदमखोर तेंदुए का हमला

# पालतू कुत्ते की वफादारी ने बचाई अपने मालिक की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/सांची



अच्छी खबर

कहते हैं पालतू कुत्ते अपने मालिक के प्रति कितने बफादार होते हैं इसका ताजा उदाहरण मंगलवार को देखने मिला, जहां एक पालतू कुत्ते ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने मालिक को आदमखोर तेंदुआ से जा भिड़ा। जिसके बाद तेंदुआ व्यक्ति को छोड़कर जंगल में भाग गया।

जिला मुख्यालय से करीब 12 किमी दूर ग्राम पग्नेश्वर के करारिया टोला निवासी 40 वर्षीय अर्जुन सिंह लोधी मंगलवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे शौच के लिए पहाड़ी से एकांत में जा रहे थे। उसी समय अर्जुन सिंह पर घात गाए बैठे आदमखोर तेंदुए ने नुकीले पंजों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गर्दन, पीठ, हाथ पर गहरे घाव आए हैं। जैसे ही लहुलूहान हुए अर्जुन सिंह ने अपने पालतू कुत्ता (सुल्तान) को जान बचाने आवाज लगाई तो वह तेंदुए की तरफ दौड़ पड़ा। जिससे तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया।

स्थानीय लोगों ने तत्काल ही घायल अर्जुन सिंह लोधी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया और वन विभाग को दी सूचना। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश लगातार जारी है।

# बारिश की बेरुखी से क्षेत्र के किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



बारिश की बेरुखी से किसान चिंतित है, इससे उनकी धान की पौध रोपाई का कार्य अटका हुआ है। किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार है। मानसून को दस्तक दिए हुए एक पखवाड़ा बीत गया है, लेकिन क्षेत्र में अच्छी बारिश नहीं हुई।

इस साल धान की खेती अधिकतर किसान कर रहे हैं। बड़ी संख्या में किसानों ने धान की खेतों में नर्सरी बनाई हैं। एक महीने पहले गड़े भी बना लिए हैं। मगर उन गढ़ों में अभी तक बारिश का पानी इकट्ठा नहीं हुआ है। कई किसानों ने तो बिना गड़े बनाए ही देशी धान की बोवनी कर दी है। आद्रा नक्षत्र से ही खरीफ की फसल की बोआई शुरू हो जाती है, लेकिन दीवानगंज क्षेत्र में अभी सामान्य से कम बारिश हुई है। जमीन अभी भी हर तरफ सूखी पड़ी है। आसमान में बादल होने से पारा गिरा है लेकिन उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

बादल तो आसमान में छा रहे हैं, लेकिन वह बरस नहीं रहे है। कई किसानों का कहना है कि मई के महीने में इससे ज्यादा बारिश हो चुकी थी जो अब 15 दिन में हुई है। सोमवार-मंगलवार को भी आसमान में बादलों का डेरा रहा, लेकिन सुबह 11 बजे से फिर धूप और छांव के खेल का सिलसिला जारी रहा, मगर झमाझम बारिश नहीं हो रही है। कई किसानों के ट्यूबवेल भी इतना पानी नहीं दे रहे हैं कि धान की रोपाई कर सकें।

### माता मंदिर में आषाढ़ी के प्रसादी का किया वितरण

**सिलवानी।** देश, दूनिया की समृद्धि, खुशहाली को लेकर माता मंदिर में प्रसाद का वितरण किया गया। स्टेट हाइवे 44 पर बेगंवा खुर्द में स्थित मॉ खेड़ापति माता के दरबार में मंगलवार को पूजन, आरती का आयोजन किया।

इसी कड़ी में माता के भक्तों द्वारा मंदिर के समक्ष स्टाल लगाकर आषाढ़ी के प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं को किया। पार्षद प्रदीप कुशवाहा ने बताया कि प्रतिवर्ष क्षेत्र की खुशहाली को लेकर आषाढ़ी के प्रसाद का वितरण किया जाता है। ज्ञात रहे कि मॉ खेड़ापति माता मंदिर श्रद्वालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। जहां कि प्रति दिन सुबह व शाम के समय बड़ी संख्या में श्रद्वालु पहुंच कर पूजा, अर्चना आदि अनुष्ठान पूर्ण करते हैं।

# पौधरोपण भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प : डॉ चौधरी

## शहर के विश्राम गृह परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




पीडब्ल्यूडी द्वारा मंगलवार को पूरे प्रदेश में एक साथ एक लाख पौधों का रोपण किया है। इसी क्रम में शहर के विश्राम गृह में भी पौधरोपण किया गया। जिसमें 100 से अधिक पौधे रोपित किए और पूरे जिले में 1200 से अधिक पौधे रोपित किए हैं।

इस अवसर पर विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि यह सिर्फ पौधरोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है। जिसमें प्रत्येक वर्ग की, प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। पौधेरोपण आज की आवश्यकता है। हमें बढ़ चढ़कर पौधारोपण करना चाहिए।

यह बात इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन, कलेक्टर कुमार विश्वकर्मा, जिपं सीईओ अंजू भदौरिया, सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण बोले- स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी, बढ़ाई जाएं सुविधाएं

# डिलीवरी के दौरान गर्भ में ही खत्म हुआ नवजात, लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

◆ डॉक्टर और स्टाफ की बनी रहती है कमी





सांची ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक प्रसूता को समय पर उपचार न मिलने से नवजात की गर्भ में ही मौत हो गई। इस घटना को लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कालीटोर निवासी गोलू जाटव सोमवार रात करीब 10:30 बजे अपनी गर्भवती पत्नी सिमरन को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा था।

गोलू ने बताया कि अस्पताल में उन्हें सिर्फ एक दाई ही मिली, जबकि ड्यूटी नर्स वहां मौजूद नहीं थी। हमें पूरी रात सिर्फ तसल्ली दी जाती रही, लेकिन मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे बताया कि बच्चा गर्भ में ही खत्म हो गया है। गोलू ने बताया कि उनकी शादी को अभी एक साल ही हुआ था और यह उनका पहला बच्चा था। इस दुखद घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गौरतलब है कि दीवानगंज पीएचसी में डॉक्टर और स्टाफ की पहले से ही भारी कमी है। मेडिकल ऑफिसर डॉ. पलक पटेरिया की ड्यूटी महीने में 6 दिन सांची सिविल अस्पताल में होती है, शेष समय उनकी तैनाती दीवानगंज में रहती है। मंगलवार को भी डॉ. पटेरिया सांची में ड्यूटी पर थीं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी डॉक्टर और स्टाफ की मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं तभी रुकेंगी जब चिकित्सा व्यवस्था मजबूत की जाएगी।

डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल बरेली (एम.पी. बोर्ड)
काली मंदिर के सामने जे.जे. रोड बरेली
प्रवेश प्रारंभ -कक्षा नर्सरी से 10वीं तक
Admission Open - 2025-26 Nursury TO X
यदि आप अपने बच्चों के लिए एक ऐसे विद्यालय की तलाश कर रहे हैं जहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अत्याधुनिक सुविधाएं और प्राकृतिक वातावरण एक के साथ मिले, तो पिछले 11 सालो से संचालित डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल, एम.पी. बोर्ड सेंट्रल बैंक के पास बरेली, आपका सही चयन है।
उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली - स्मार्ट क्लास, एक्टिविटी रूम, स्पोर्ट्स के लिए इनडोर आउटडोर कॉम्प्लेक्स, आधुनिक पद्धतियों का विकास और व्यक्तिगत चिंतन और स्वच्छंद छात्र-शिक्षक संवाद के द्वारा छात्रों के सर्वागीण विकास का अवसर जिससे उनकी क्षमताओं का भी विकास हो।
अन्य सुविधाएं - एक पढ़ाई के साथ विशिष्ट गतिविधियों जैसे कि- आधुनिक खेल मैदान में विभिन्न रंगोली, योग, नृत्य-संगीत, ऑर्ट एंड क्राफ्ट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, इंग्लिश स्पीकन वर्कशॉप, रीडिंग और राइटिंग हेबिट्स और स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सह- पाठ्यक्रम पर भी विशेष रूप से जोर देते है। जिससे कि छात्रों में कौशल विकास होता है, और कैरियर काउंसलिंग और व्यक्तित्व विकास की विशेष कक्षाएं भी आयोजित की जाती है तथा हमारे द्वारा विधार्थियों के चरित्र निर्माण, व्यवहार कौशल, भारतीय धर्म और संस्कृति, प्रकृति के प्रति स्नेह के बारे में सिखाया जाता है।


आधुनिक और सुरक्षित आधारभूत संरचना - विद्यालस में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान व कम्प्यूटर लैब, सीसीटीवी सुरक्षा, स्वच्छ वातावरण और प्राकृतिक वातानुकूलित कक्षाएं उपलब्ध है। प्रत्येक सुविधा को छात्रों की सुरक्षा और सुविधा को दृष्टिगत रखकर बनाई गई है।

सफलता का परिणाम - विगत तीन वर्षो से हमारे छात्रों ने जिले में टॉपर बनकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। कक्षा 8 की छात्रा पायल अहिरवार ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया।
सैनिक स्कूल और नवोदय जैसी प्रतिष्ठत संस्थाओं में हमारे होनहार छात्रों का चयन हुआ है।
जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

आपकी सबसे बडी सम्पत्ति आपके बच्चें हैं, और बच्चों की सबसे बडी सम्पत्ति शिक्षा हैं।
डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल बरेली (एम.पी. बोर्ड)
काली मंदिर के सामने जे.जे. रोड बरेली